TSBSL/COSEC/SE19

February 18, 2019

The Secretary
Listing Department
**BSE Limited**,
Phiroze Jee Jee Bhoy Towers,
Dalal Street,
Mumbai – 400001 Maharashtra, India
**Scrip code: 500055**

The Secretary
Listing Department
**National Stock Exchange of India Limited**,
“Exchange Plaza”, 5th Floor, Plot No. C/1, G-Block, Bandra – Kurla Complex, Bandra (E), Mumbai-400051, Maharashtra, India
**Scrip code: TATASTLBSL**

Dear Madam, Sir,

**Sub: Newspaper advertisement regarding notice of Extraordinary General Meeting of Tata Steel BSL Limited (“Company”) – Corrigendum in advertisement in Hindi Newspaper**

This has reference to our letter dated February 16, 2019.

We wish to inform you that due to a typographical error in the advertisement published in Veer Arjun (Hindi edition) on February 16, 2019 we have re-published the advertisement in respect of the Extraordinary General Meeting (**‘EGM’**) of the Company scheduled to be held on March 11, 2019 and completion of dispatch of Notice of the said EGM, on February 17, 2019 in the said newspaper.

Scanned copy of the advertisement is enclosed herewith.

This intimation is issued pursuant to the applicable provisions of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, as amended, including Regulation 47 thereof.

You are requested to kindly take the above information on your record(s).

Yours faithfully
for **Tata Steel BSL Limited**
*(formerly Bhushan Steel Limited)*

Tata Steel BSL Limited

**(O.P. DAVRA)**
**COMPANY SECRETARY &**
**COMPLIANCE OFFICER**

जो-58280/5 रायपुर (छ.ग.)

TATA STEEL BSL

TATA

# टाटा स्टील बीएसएल लिमिटेड

(पूर्ववर्ती भूषण स्टील लिमिटेड)

पंजीकृत कार्यालय: भूतल, मीरा कॉर्पोरेट स्यूट्स, प्लॉट नं. 1 एवं 2, ईश्वर नगर, मथुरा रोड, नई दिल्ली-110065
फोन 91-11-39194000, फैक्स 91-11-41010050 ई-मेल: tsbsi@tatasteelbsl.co.in
वेबसाइट www.tatasteelbsl.co.in, CIN: L74899DL1983PLC014942

## अतिविशिष्ट आम बैठक और ई-वोटिंग जानकारी की सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **टाटा स्टील बीएसएल लिमिटेड (पूर्व में भूषण स्टील लिमिटेड के रूप में ज्ञात) (''कम्पनी'')** के सदस्यों की अतिविशिष्ट आम बैठक **(''ईजीएम'') सोमवार, 11 मार्च, 2019 को प्रात: 11:00 बजे (आईएसटी) लक्ष्मीपत सिंघानिया ऑडिटोरियम, पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, पीएचडी हाउस, 4/2, सिरी इंस्टीट्यूशनल एरिया, अगस्त क्रांति मार्ग, नई दिल्ली-110016** में आयोजित की जाएगी जिसमें निम्नलिखित कार्यकलाप निष्पादित किया जाएगा:

1. कम्पनी की अधिकृत शेयर पूंजी बढ़ाना और कम्पनी के संस्था के बहिर्नियम के पूंजी खण्ड में आनुशांगिक संशोधन करना;
2. प्राइवेट प्लेसमेंट आधार पर टाटा स्टील लिमिटेड को 11.09 प्रतिशत गैर-परिवर्तनीय विमोचनीय अधिमान शेयर जारी, प्रस्तुत एवं आवंटित करना;
3. प्राइवेट प्लेसमेंट आधार पर टाटा स्टील लिमिटेड को 8.89 प्रतिशत विकल्पत: परिवर्तनीय विमोचनीय अधिमान शेयर जारी, प्रस्तुत एवं आवंटित करना;
4. कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीटी) दिल्ली से महाराष्ट्र राज्य में स्थानांतरित करना;
5. कम्पनी के संस्था के अंतर्नियम में नये अनुच्छेद को जोड़ना
6. टीएस ग्लोबल प्रोक्योरमेंट कम्पनी पीटीई लि. के साथ सामग्री संबंधी पार्टी लेनदेन का अनुमोदन करना।

उपस्थित पर्ची एवं प्रॉक्सी फार्म के साथ ईजीएम की सूचना (''सूचना'') (क) उन सदस्यों को उनके पंजीकृत ई-मेल पते पर भेज दी गई है जिनके ई-मेल आईडी कम्पनी/इसके रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट के पास पंजीकृत है या डिपॉजिटरीज द्वारा उपलब्ध कराये गये है और (ख भौतिक प्रारूप में, स्वीकार्य पद्धति द्वारा उन सदस्यों को जिनके ई-मेल आईडी उपरोक्त के पास पंजीकृत नहीं है।

कम्पनी ने सदस्यों को सूचना भेजने के साथ ही ई-मेल करने का कार्य **शुक्रवार, 15 फरवरी, 2019** को समाप्त कर लिया है।

सूचना कम्पनी की वेबसाइट https://www.tatasteelbsl.co.in और नेशनल सिक्योरिटी डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com बीएसई लिमिटेड www.bseindia.com एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड www.nseindia.com पर भी उपलब्ध है।

कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम 2014 के नियम 20, समय-समय पर यथासंशोधित के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के प्रावधानों और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटन आवश्यकताएं) विनियम 2015, उस पर कोई संशोधन, सुधार, विभिन्नता सहित और भारतीय कम्पनी सचिव संस्थान द्वारा जारी सामान्य बैठक (''एसएस-2'') पर सचिवीय मानक के अनुसरण में कम्पनी सूचना में वर्णित प्रस्तावों पर अपना वोट ईजीएम के स्थान के अलावा किसी भी स्थान से देने के लिए एनएसडीएल द्वारा उपलब्ध कराये गये इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिटम (''रिमोट ई-वोटिंग'') की सुविधा प्रदान करते हुए प्रसन्न है और रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से व्यवसाय का निष्पादन किया जा सकता है।

ऐसे व्यक्ति जो सोमवार, 4 मार्च, 2019 (''कट-ऑफ तिथि'') को भौतिक या डिमेटिरियलाइज्ड प्रारूप में शेयर धारण करते है, केवल वहीं सूचना में निर्धारित सभी प्रस्तावों पर रिमोट ई-वोटिंग या ईजीएम के स्थान पर वोटिंग की सुविधा प्राप्त करने के हकदार हैं। सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि :

1. रिमोट ई-वोटिंग **वृहस्पतिवार, 7 मार्च, 2019 (प्रात: 9.00 बजे आईएसटी) प्रारंभ होगी और रविवार, 10 मार्च, 2019 (सायं 5.00 बजे)** समाप्त होगी। इस अवधि के दौरान सदस्यगण रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल के माध्यम से अपना वोट इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में दे सकते हैं। **रविवार, 10 मार्च, 2019 (सायं 5.00 बजे)** के बाद एनएसडीएल द्वारा रिमोट ई-वोटिंग मॉडयूल हटा लिया जाएगा और उसके बाद सदस्यों को ई-वोटिंग की अनुमति नही दी जाएगी। सदस्य द्वारा एक बार प्रस्ताव में वोट देने के बाद उसे बाद में बदलने की अनुमति नही दी जाएगी।
2. ईजीएम में बैलेट पेपर के माध्यम से वोट देने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी और ऐसे सदस्य जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग से अपना वोट नही दिया है केवल उन्हे ही ईजीएम में अपना वोट देने की अनुमति होगी। ईजीएम से पूर्व रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट दे चुका सदस्य भी ईजीएम में भाग ले सकता है लेकिन उसे-दोबारा वोट देने की अनुमति नही होगी।
3. ऐसा व्यक्ति जो सूचना भेजे जाने के बाद कम्पनी का सदस्य बनता है और कट-ऑफ तिथि को कम्पनी के शेयर धारण करता है, वह ई'-वोटिंग के लिए ई-मेल evoting@nsdl.com पर अपना अनुरोध भेजकर लॉगइन आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। यद्यपि, यदि व्यक्ति एनएसडीएल के साथ पहले से पंजीकृत है तो वह रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट देने के लिए वर्तमान लागइन आईडी एवं पासवर्ड का उपयोग कर सकता है। विकल्पत: यदि व्यक्ति एनएसडीएल ई-सर्विसेज अर्थात आईडीईएएस के साथ पंजीकृत है तो वह https://eservice.nsdl.com पर लॉगइन करके वर्तमान आईडीईएएस लॉगइन एवं पासवर्ड का उपयोग करके अपना वोट दे सकते हैं। यदि व्यक्ति अपना पासवर्ड भूल गया है तो वह https://www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध ''फॉर्गेट यूजर डिटेल्स/पासवर्ड'' या ''फिजिकल यूजर रिसेट पासवर्ड'' के विकल्प का उपयोग करके अपना पासवर्ड रिसेट कर सकते है या एनएसडीएल टोल फ्री नं. या ई-मेल evoting@nsdl.co.in पर सम्पर्क करें।

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग निर्देशों के लिए शेयरधारक ईजीएम की सूचना के साथ भेजे गये दिशानिर्देशों को भली-भांति पढ़े लें। किसी भी पूछताछ के लिए सदस्यगण एनएसडीएल ई-वोटिंग वेबसाइट https://www.evoting@nsdl.co.in के डाउनलोड सैक्शन पर उपलब्ध शेयरधारकों के लिए ''अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यू) और ई-वोटिंग यूजर मैनुअल का अवलोकन करें या टोल फ्री नं. 1800-222-990 या ई-मेल evoting@nsdl.co.in पर सम्पर्क करें। ई-वोटिंग की सुविधा से संबंधित किसी भी शिकायत के लिए सदस्यगण सुश्री पल्लवी महात्रे, सहायक प्रबंधक, पता: ट्रेड वर्ल्ड, ए विंग, चौथा एवं पांचवा तल, कमला मिल्स कम्पाउंड, लोअर परेल, मुम्बई-400013, ई-मेल https://www.evoting@nsdl.co.in और फोन नं. 022-24994738, टोल फ्री नं. 1800-222-990 से सम्पर्क करें।

ईजीएम में भाग लेने एवं वोट देने का पात्र व्यक्ति अपने स्थान पर बैठक उपस्थित होने एवं वोट देने के लिए प्रॉक्सी की नियुक्ति कर सकता है और प्रॉक्सी को कम्पनी का सदस्य होना अनिवार्य नहीं है। प्रॉक्सी की नियुक्ति से संबंधित दस्तावेज ईजीएम प्रारंभ होने के न्यूनतम 48 घंटे पूर्व कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में पहुंच जाना चाहिए। लिमिटेड कंपनियों, कॉर्पोरेट सदस्य की ओर से जमा किये गये प्रॉक्सी लागू अनुसार उचित प्रस्ताव या प्राधिकारी द्वारा समर्थित होने चाहिए। ईजीएम में अपना प्रतिनिधि भेजने के इच्छुक कॉर्पोरेट सदस्यों से अनुरोध है कि वे ईजीएम में उपस्थित होने एवं वोट देने के लिए अपनी ओर से अधिकृत व्यक्ति के संबंध में कम्पनी के बोर्ड प्रस्ताव की प्रमाणित प्रति अवश्य भेजें।

**कृते टाटा स्टील बीएसएल लिमिटेड**
**(पूर्ववर्ती भूषण स्टील लिमिटेड)**
हस्ता./-
**(ओ. पी. डावरा)**
**उपाध्यक्ष (कॉर्पोरेट मामले) एवं कम्पनी सचिव**

15 फरवरी, 2019
नई दिल्ली

## बाद मामला दर्ज

कुंभकोणम, (भाषा)। तमिलनाडु के एक मंदिर से प्राचीन नटराज की मूर्ति चोरी होने के चार दशक बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया है। राज्य पुलिस की मूर्ति शाखा ने बताया कि 50 करोड़ रुपये की मूर्ति कुंभकोणम के समीप थंदन्थोत्तम गांव में शिव मंदिर से 1972 में चोरी हुई थी। उन्होंने बताया कि इससे पहले 1971 में भी इसी मंदिर से 60 करोड़ रुपये के मूल्य की पांच मूर्तियां चोरी हुई थीं। चोरी की दूसरी घटना के बाद मंदिर में अन्य मूर्तियों को यहां एक मंदिर के सुरक्षा लॉकर में रख दिया गया। हालांकि चोरी की शिकायत दर्ज कराई गई थी लेकिन पिछले 47 साल से कोई मामला दर्ज नहीं था और स्थानीय पुलिस ने उचित स्पष्टीकरण नहीं दिया कि क्यों कोई मामला दर्ज नहीं किया गया। ऐसा संदेह है कि नटराज की चोरी की गई मूर्ति इंग्लैंड में थी जहां इसे तस्करी कर अमेरिका ले जाया गया। ऐसी भी शिकायतें है कि लॉकर में रखी मूर्तियों के स्थान पर नकली मूर्तियां रख दी गई है और इसकी पुष्टि करने के लिए जांच चल रही है।

## अरुणाचल प्रदेश के सभी दफ्तर 2021 तक कागज रहित हो जाएंगे : खांडू

ईटानगर, (भाषा)। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा है कि राज्य सरकार के सभी कार्यालय 2021 तक कागज रहित ई-कार्यालयों में तब्दील हो जाएंगे। खांडू ने तवांग में तवांग एवं दिरांग जिलों के लिए वाईफाई हॉटस्पॉट की शुक्रवार को शुरुआत करते हुए कहा कि राज्य सरकार शासन प्रणाली में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) के प्रयोग पर बहुत जोर दे रही है और 2021 तक सभी सरकारी दफ्तर कागज रहित ई-दफ्तरों में बदल जाएंगे। मुंख्यमंत्री ने कहा कि कागज रहित ई-कार्यालय का फायदा यह है कि इससे जालसाजी रुकेगी, पारदर्शिता सुनिश्चित होगी और सेवाओं तक लोगों की पहुंच आसान होगी। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से यहां जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार खांडू ने बताया कि ये वाईफाई सेवाएं बजट घोषणा के अनुरूप दी गई हैं और इसी तरह के हॉटस्पॉट पहले भी राजधानी के कई शैक्षणिक संस्थानों में शुरू किए जा चुके हैं। विज्ञप्ति में बताया गया कि गृह राज्य मंत्री किरण रिजीजू, तवांग के विधायक शेरिंग ताशी, दिरांग के विधायक फुंरपा शेरिंग एवं लुमला के विधायक जांबे ताशी इस अवसर पर मौजूद थे।